<u>ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल</u>

विषय – हिंदी कक्षा – छह अभ्यास पत्र जुलाई (2024-2025)

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

"मनुष्य को सदा सत्य एवं प्रिय बोलना चाहिए। अप्रिय सत्य या प्रिय असत्य कभी नहीं बोलना चाहिए। अपने अहं को भूलकर मीठा बोलने से अपने मन को तो शांति मिलती ही है, सुनने वालों को भी अच्छा लगता है। मीठी बोली के लिए संसार के सभी धर्मों के महापुरुषों ने उपदेश दिए हैं। व्यवहार में भी मीठी बोली की सफलता सर्वत्र देखी जा सकती है। आप मीठा बोलकर अपने रुके सभी काम करवा सकते हैं लेकिन इसके विपरीत कड़वा बोलकर, हेकड़ी दिखाकर या शेखी बघारकर अपना काम कभी नहीं करवा सकते। संक्षेप में, हमें यह बात मन में बिठा लेनी चाहिए कि हम हमेशा मीठा बोलें।"

1. उपर्युक्त गद्यांश के लिए कोई उपयुक्त शीर्षक लिखें।
2. मनुष्य को कैसे वचन बोलने चाहिए?
3. मीठे वचन दूसरों पर क्या प्रभाव डालते हैं?
4. 'सत्य' एवं 'प्रिय' शब्दों के विलोम शब्द लिखें।
5. दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(क) मन को शांति कब मिलती है?

(i) मीठा बोलने से (ii) अप्रिय सत्य बोलने से

(iii) अहंकार करने से (iv) प्रिय असत्य बोलने से

(ख) आप अपने रुके काम करवा सकते हैं:-

(i) हेकड़ी दिखाकर (ii) शेखी बघारकर

(iii) रुपया-पैसा देकर (iv) मीठा बोलकर

प्रश्न 2. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए।

गुलाब, त्योहार, मैदान, घोड़ा

2) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए।

हलवाई, बेटा, पंडित, पुरुष

3) निम्नलिखित तत्सम शब्दों को तद्भव रूप में बदलिए।

पत्र, शिर, वानर, ग्राम

4) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए और उनके भेद भी लिखिए।

i) गंगा नदी भारत में बहती है।

ii) मुझे अमिताभ बच्चन की फिल्में बहुत पसंद हैं।

iii) समुद्र में बहुत सारी मछलियाँ हैं।

5) दिए गए मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

गाँठ बाँधना, गर्दन पर सवार होना

प्रश्न 3. निम्न प्रश्नों के उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में दीजिए।

1) दोपहर के समय बच्चे किस मौक़े का इंतज़ार कर रहे थे ?
2) चाँद का रंग और आकार कैसा है?
3) कविता 'साथी हाथ बढ़ाना' में कवि मिलकर बोझ उठाने की बात क्यों कहते हैं ?

प्रश्न 4. मोबाइल फ़ोन से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इस विषय पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत का लगभग 60-80 शब्दों में संवाद लेखन लिखिए ।